Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to set up CGHS Dispensary in Hapur District, Uttar Pradesh -laid.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला हापुड़ जनपद दिल्ली से लगभग 55 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जहां केन्द्र सरकार के कई विभागों रेलवे, दिल्ली पुलिस, सेना व अर्ध सैनिक बलों के अनेक कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों सहित अनके परिवार के लाखों लोग निवास करते हैं। हापुड़ में कोई भी सी.जी.एच.एस. चिकित्सालय न होने के कारण इन परिवारों को प्राइवेट अस्पतालों में महंगा इलाज कराना पड़ता है या फिर उन्हें 30-35 किलोमीटर दूर स्थित गाजियाबाद या मेरठ के सी.जी.एच.एस. चिकित्सालयों में जाना पड़ता है। इससे इन कर्मचारियों व इनके परिवारजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि केंद्रीय सेवाओं में सेवारत कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए हापुड़ में एक सी.जी.एच.एस. चिकित्सालय खोले जाने का कष्ट करें।